गुरु घासीदास विश्वविद्यालय

(नैक द्वारा "A++" ग्रेड प्राप्त केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
कोनी, बिलासपुर–495009 (छ.ग.)
दूरभाष : 07752–260209, फैक्स : 07752–260154
ई–मेल : ggv.registrar@gmail.com, वेबसाईट : www.ggu.ac.in

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya

(A Central University with "A++" Grade Accredited by NAAC)
Koni, Bilaspur-495009 (C.G.)
Phone : 07752-260209, Fax : 07752-260154
E-Mail : ggv.registrar@gmail.com, Website : www.ggu.ac.in

क्रमांक 336 / बै.प्र. / स्था.स. / 2025 बिलासपुर, दिनांक : 21-01-2025

प्रति,

समस्त सम्माननीय सदस्यगण
All Hon'ble Members
विद्यापरिषद् की स्थायी समिति,
Standing Committee of Academic Council
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,
Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
बिलासपुर (छ.ग.)
Bilaspur (C.G.)

विषय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 197वीं बैठक दिनांक 21.01.2025 के कार्यवृत्त का प्रेषण।
Subject :- Dispatch of minutes of 197th meeting of Standing Committee of Academic Council dated 21-01-2025.

———0———

महोदय / महोदया,
Sir/Madam

विषयान्तर्गत, दिनांक 21.01.2025 को आयोजित विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 197वीं बैठक का कार्यवृत्त अवलोकनार्थ एवं अभिलेख हेतु संलग्न प्रेषित है।

Under the subject, the minutes of the 197th meeting of the Standing Committee of the Academic Council held on 21-01-2025 is enclosed for perusal and record.

आदेशानुसार/by order

कुलसचिव (कार्यवाहक)/Registrar (Acting)

पृ0 क्रमांक 337 / बै.प्र. / स्था.स. / 2025 बिलासपुर, दिनांक : 21-01-2025

प्रतिलिपि/Copy to :–

01. कुलपति के सचिव की ओर माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ प्रेषित।
The Secretary to the VC for the information of the HVC.
02. कुलसचिव के निज सहायक की ओर कुलसचिव जी के सूचनार्थ प्रेषित।
The PA to the Registrar for inf ormation of the Registrar.
03. निदेशक, आईक्यूएसी / सहायक कुलसचिव–अकादमिक / प्रशासन / विकास / वित्त प्रभारी विश्वविद्यालय वेब पटल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
Director, IQAC/Assistant Registrar - Academic/Administration/Development/ Finance/Incharge University website for information and necessary action.
04. कार्यालय प्रति।
Office Copy.

कुलसचिव (कार्यवाहक)/Registrar (Acting)

गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 197वीं बैठक दिनांक 21.01.2025 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 197वीं बैठक दिनांक 21.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

1.	प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति	अध्यक्ष
2.	प्रो0 अशोक कुमार मिश्रा	सदस्य
3.	प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी	सदस्य
4.	प्रो0 सीमा राय	सदस्य
5.	प्रो0 राजेन्द्र मेहता	सदस्य
6.	प्रो0 सी.एस. वझलवार	सदस्य
7.	प्रो0 ब्रजेश तिवारी	सदस्य
8.	प्रो0 एस.सी. तिवारी	सदस्य
9.	प्रो0 एच.एस.तिवारी	सदस्य
10.	प्रो0 पी.पी. मूर्ति	सदस्य
11.	डॉ0 अमित कुमार गुप्ता, प्रभारी अधिष्ठाता–समाजिक विज्ञान	सदस्य
12.	प्रो0 संतोष कुमार प्रजापति	सदस्य
13.	डॉ0 एम.एस. धपोला	सदस्य
14.	डॉ0 सुबल दास	सदस्य
15.	डॉ0 गीता मिश्रा	सदस्य
16.	प्रो0 भारती अहिरवार, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–विकास	विशेष आमंत्रित सदस्य
17.	प्रो0 अमित कुमार सक्सेना, डायरेक्टर–आईक्यूएसी	विशेष आमंत्रित सदस्य
18.	प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, अधिष्ठाता–छात्र कल्याण	विशेष आमंत्रित सदस्य
19.	डॉ0 सम्पूर्णानंद झा, परीक्षा नियंत्रक	विशेष आमंत्रित सदस्य
20.	प्रो0 ए.एस. रणदिवे, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव

निम्नानुसार सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके :–

1. प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव

कुलपति महोदय ने बैठक के प्रारम्भ में प्रेरणादायी उद्‌बोधन दिया। कुलपति महोदय के प्रेरणादायी उद्‌बोधन के पश्चात् विभिन्न विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

विषय क्र.01 **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 196वीं बैठक दिनांक 10.01.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय :– निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 196वीं बैठक दिनांक 10.01.2025 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

विषय क्र. 02 **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की 196वीं बैठक दिनांक 10.01.2025 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की 196वीं बैठक दिनांक 10.01.2025 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की एवं कृत कार्यवाही की पुष्टि की।

अ. रा. रणदिवे
21-01-2025

21/01/2025

विषय क्र. 03. गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं शोध गंगा सह इंफ्लिबनेट, गांधीनगर के बीच संशोधित समझौता ज्ञापन पर विचार।

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं शोध गंगा सह इंफ्लिबनेट, गांधीनगर के बीच संशोधित समझौता ज्ञापन प्रारूप का अनुमोदन किया जाय एवं समझौता किये जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

विषय क्र. 04. वनस्पति विज्ञान विभाग के बी.एससी. तथा एम.एससी. कार्यक्रमों के प्रस्तावित शुल्क पर विचार।

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि वनस्पति विज्ञान विभाग के बी.एससी. तथा एम.एससी. कार्यक्रमों के लिए प्रस्तावित अतिरिक्त शुल्क का अनुमोदन किया जाय।

विषय क्र. 05. विश्वविद्यालय में स्टेट ऑफ आर्ट सेंट्रल एनिमल हाऊस एण्ड रिसर्च फैसिलिटी की स्थापना हेतु संशोधित मसौदा प्रस्ताव पर विचार।

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय में स्टेट ऑफ आर्ट सेंट्रल एनिमल हाऊस एण्ड रिसर्च फैसिलिटी की स्थापना हेतु प्रस्तावित संशोधित मसौदा प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

विषय क्र. 06. विश्वविद्यालय परिसर में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में शिक्षकों के आवास हेतु अपार्टमेंट, शोधार्थियों हेतु रिसर्च हॉस्टल एवं स्टूडियो हॉस्टल के निर्माण हेतु मसौदा प्रस्ताव पर विचार।

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि विश्वविद्यालय परिसर में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मोड में शिक्षकों के लिए अपार्टमेंट, शोधार्थियों के लिए रिसर्च हॉस्टल एवं स्टूडियो अपार्टमेंट निर्माण संबंधी प्राप्त प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति दी जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि शिक्षकों के लिए अपार्टमेंट, शोधार्थियों के लिए रिसर्च हॉस्टल एवं स्टूडियो अपार्टमेंट निर्माण के नीति प्रारूपण हेतु समिति का गठन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि समिति के सदस्य नामित किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

विषय क्र. 07. शिक्षकों एवं कर्मचारियों तथा उनके पुत्र एवं पुत्रियों के विवाह में उपहार प्रेषित करने हेतु मसौदा प्रस्ताव पर विचार।

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों तथा उनके पुत्र एवं पुत्रियों के विवाह में उपहार प्रेषित करने हेतु प्रस्तावित योजना का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त योजना का नाम "जीजीवी कुटुम्ब प्रबोधन योजना" रखा जाय।

21-01-2025

21/01/2025

विषय क्र. 08. गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर नव नियुक्त शिक्षकों के प्रेरण कार्यक्रम एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान हेतु प्रस्ताव पर विचार।

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर में नव नियुक्त शिक्षकों के प्रेरण कार्यक्रम एवं सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान हेतु प्रस्तावित योजना का अनुमोदन आंशिक संशोधन के साथ किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि प्रस्तावित योजना में कुलपति एवं अधिकारियों को भी शामिल किया जाय।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि प्रस्तावित योजना का नामकरण किये जाने हेतु कुलपति महोदय अधिकृत रहेंगे।

विषय क्र. 09. गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं DFMEA Technosol Private Limited Bangalore (Karnataka) के बीच समझौता ज्ञापन पर विचार।

निर्णय :– विद्यापरिषद् की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर एवं DFMEA Technosol Private Limited Bangalore (Karnataka) के बीच प्रस्तावित समझौता ज्ञापन प्रारूप का अनुमोदन किया जाय एवं समझौता किये जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही सम्पन्न की जाय।

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रकरण

अ.अ.वि.क्र .01 विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष अनुसूचित जनजाति श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए पृथक से छात्रावास बनाये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि छात्रावास बनाये जाने संबंधी प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय एवं छात्रावास के लिए धनराशि/अनुदान प्राप्त करने हेतु भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया जाय।

अ.अ.वि.क्र .02 विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के विद्यार्थियों के लिए पृथक से छात्रावास बनाये जाने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि छात्रावास बनाये जाने संबंधी प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय एवं छात्रावास के लिए धनराशि/अनुदान प्राप्त करने हेतु भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त कार्य हेतु प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, आचार्य एवं अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को संयोजक नियुक्त किया जाय।

अ.अ.वि.क्र .03 विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष विश्वविद्यालय परिसर में छत्तीसगढ़ ट्राइबल म्यूजियम की स्थापना से संबंधित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि म्यूजियम स्थापना हेतु प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय एवं म्यूजियम स्थापना के लिए धनराशि/अनुदान प्राप्त करने हेतु भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त कार्य हेतु प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, आचार्य एवं अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को संयोजक नियुक्त किया जाय।

21-01-2025

21/01/2025

अ.अ.वि.क्र .04 विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर बायोडायवर्सिटी मैपिंग एवं कंजर्वेशन इन सेन्ट्रल इंडिया हाइलैण्ड्स की स्थापना के संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त कार्य हेतु प्रो0 एस.सी. तिवारी, आचार्य, वानिकी विभाग को संयोजक नियुक्त किया जाय।

अ.अ.वि.क्र .05 विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष विश्वविद्यालय में परमानेंट इंटीग्रेटेड कम्यूनिटी ट्रेनिंग, एम्पावरमेंट एण्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट ऑफ शेड्यूल्ड ट्राईब इन छत्तीसगढ़ की स्थापना हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त कार्य हेतु प्रो0 एम.के. सिंह, आचार्य, इण्डस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग को संयोजक नियुक्त किया जाय।

अ.अ.वि.क्र .06 विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष विश्वविद्यालय में परमानेंट माइनॉरिटी ट्रेनिंग एण्ड स्किल एम्पावरमेंट सेंटर की स्थापना हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त कार्य हेतु प्रो0 एम.के. सिंह, आचार्य, इण्डस्ट्रियल इंजीनियरिंग विभाग को संयोजक नियुक्त किया जाय।

अ.अ.वि.क्र .07 विद्यापरिषद् की स्थायी समिति के समक्ष विश्वविद्यालय में परमानेंट छत्तीसगढ़ वुमन एण्ड चाइल्ड डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। प्राप्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि उक्त कार्य हेतु प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, आचार्य, अंग्रेजी विभाग को संयोजक नियुक्त किया जाय।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

अ. इ. रणदिवे
21-01-2024.

कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव

21/01/2025

कुलपति/अध्यक्ष